Amar Ujala

शिक्षा — एक जनवरी के बाद देनी होगी 50 से 200 रुपये प्रति छात्र लेट फीस

# तीसरी, 5वीं, 8वीं, 9वीं और 11वीं के प्रश्नपत्र मुहैया करवाएगा शिक्षा बोर्ड

संवाद न्यूज एजेंसी

धर्मशाला। ग्रीष्मकालीन स्कूल में मार्च-अप्रैल में होने वाली परीक्षाओं के लिए हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड तीसरी, 5वीं, 8वीं, 9वीं और 11वीं कक्षा के प्रश्नपत्र उपलब्ध करवाएगा।

इसके लिए शिक्षा बोर्ड ने प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को तीन दिसंबर से ऑनलाइन प्रश्नपत्रों की मांग भेजने के निर्देश जारी किए हैं।

सरकारी स्कूलों में तीसरी, 5वीं और 8वीं कक्षा के प्रश्नपत्र निशुल्क उपलब्ध रहेंगे, जबकि निजी स्कूलों को तीसरी और 5वीं कक्षा के लिए प्रति छात्र 100 रुपये और 8वीं, 9वीं और 11वीं कक्षा के लिए प्रति छात्र 150 रुपये शुल्क देना होगा। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि स्कूल 3 से 31 दिसंबर तक बिना किसी विलंब शुल्क के आवेदन कर सकते हैं।

## सरकारी और निजी स्कूल ने परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों के लिए मांगे ऑनलाइन आवेदन

इसके बाद एक जनवरी से 10 जनवरी तक प्रति छात्र 50 रुपये और 11 जनवरी से 20 जनवरी तक प्रति छात्र 100 रुपये अतिरिक्त लेट फीस के साथ आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। वहीं 9वीं और 11वीं कक्षाओं के लिए लेट फीस एक से 10 जनवरी तक 100 रुपये और 11 से 20 जनवरी तक 200 रुपये प्रति छात्र होगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित अंतिम तिथि के बाद किसी भी स्कूल की प्रश्नपत्रों की मांग स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रश्नपत्रों की अनुपलब्धता या कमी के लिए संबंधित विद्यालय के प्रमुख स्वयं जिम्मेदार होंगे।

उन्होंने स्कूलों से आग्रह किया गया है कि वे निर्धारित प्रपत्र के अनुसार सूची तैयार कर अपने खंड कार्यालय को भी भेजें।

Dainik Jagran

# तीसरी, पांचवीं व आठवीं के प्रश्न पत्र शिक्षा बोर्ड करवाएगा उपलब्ध

**स्कूलों को बोर्ड की वेबसाइट पर देनी होगी डिमांड, तीसरी-पांचवीं के लिए 100, आठवीं के लिए 150 रुपये शुल्क लिया जाएगा**

जागरण संवाददाता, धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि बोर्ड की ओर से ग्रीष्मकालीन विद्यालयों की तीसरी, पांचवीं और आठवीं कक्षाओं की मार्च 2026 में होने वाली वार्षिक परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्र उपलब्ध करवाए जाएंगे। प्रदेश के सभी सरकारी एवं मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बोर्ड की वेबसाइट पर लिंक से तीन दिसंबर से 31 दिसंबर तक कक्षावार मांग आनलाइन प्रेषित करें।

सरकारी विद्यालयों के लिए प्रश्न पत्र निश्शुल्क होंगे, जबकि निजी विद्यालयों को निर्धारित शुल्क कक्षा तीसरी व पांचवीं के लिए 100 रुपये प्रति विद्यार्थी तथा आठवीं के लिए 150 रुपये प्रति विद्यार्थी जमा करवाना अनिवार्य है। देर से भेजी मांग पर पहली से 10 जनवरी तक 50 रुपये प्रति विद्यार्थी तथा 11 से 20 जनवरी तक 100 रुपये प्रति विद्यार्थी विलंब शुल्क देय होगा। बोर्ड सचिव डा. मेजर विशाल शर्मा ने कहा कि अंतिम तिथि के बाद छूट नहीं दी जाएगी और प्रश्न पत्रों की अनुपलब्धता की जिम्मेदारी स्कूल प्रमुख की होगी।

## नौवीं व 11वीं के लिए 150 रुपये प्रति विद्यार्थी निर्धारित

बोर्ड की ओर से नौवीं एवं 11वीं कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं के लिए भी प्रश्न पत्र उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। दोनों कक्षाओं के लिए परीक्षा शुल्क 150 रुपये प्रति विद्यार्थी निर्धारित है। विलंब शुल्क एक से 10 जनवरी तक 100 रुपये प्रति विद्यार्थी तथा 11 से 20 जनवरी तक 200 रुपये प्रति विद्यार्थी देय होगा।

Punjab Kesari

# तीसरी, 5वीं, 8वीं, 9वीं व 11वीं कक्षाओं के प्रश्नपत्रों की ऑनलाइन भेजें मांग

धर्मशाला, 1 दिसम्बर (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला के अध्यक्ष डा. सजेश शर्मा ने बताया कि बोर्ड द्वारा ग्रीष्मकालीन विद्यालयों की तीसरी, पांचवीं और आठवीं कक्षाओं की मार्च, अप्रैल 2026 में होने वाली वार्षिक परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्र उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके लिए प्रदेश के सभी सरकारी एवं मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बोर्ड की वैबसाइट से तीसरी, 5वीं, 8वीं, कक्षाओं के प्रश्न लिंक के माध्यम से 3 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक कक्षा बार मांग ऑनलाइन प्रेषित करें।



सरकारी विद्यालयों के लिए प्रश्न पत्र नि:शुल्क होंगे, जबकि निजी विद्यालयों को निर्धारित शुल्क कक्षा 3 व 5 के लिए 100 रुपए प्रति विद्यार्थी तथा कक्षा 8 के लिए 150 रुपए प्रति विद्यार्थी, जमा करवाना अनिवार्य है। देर से भेजी गई मांग पर 1 से 10 जनवरी 2026 तक पचास रुपए प्रति विद्यार्थी तथा 11 से 20 जनवरी 2026 तक 100 रुपए प्रति विद्यार्थी विलम्ब शुल्क देय होगा। बोर्ड ने स्पष्ट किया कि निर्धारित तिथि के बाद कोई मांग स्वीकार नहीं की जाएगी और प्रश्न पत्रों की कमी के लिए संबंधित विद्यालय प्रमुख स्वयं उत्तरदायी होंगे।

इसके साथ ही डा. शर्मा ने सूचित किया कि बोर्ड द्वारा 9वीं एवं 11वीं कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं हेतु भी प्रश्न पत्र उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। दोनों कक्षाओं के लिए परीक्षा शुल्क 150 रुपए प्रति विद्यार्थी निर्धारित है। विलम्ब शुल्क 1 से 10 जनवरी 2026 तक 100 रुपए प्रति विद्यार्थी तथा 11 से 20 जनवरी 2026 तक 200 रुपए प्रति विद्यार्थी देय होगा।

बोर्ड सचिव डा. मेजर विशाल शर्मा ने कहा कि अंतिम तिथि के बाद किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी और प्रश्न पत्रों की अनुपलब्धता की जिम्मेदारी विद्यालय प्रमुख की होगी।

Divya Himachal

# स्कूल शिक्षा बोर्ड तैयार करेगा तीसरी; पांचवीं, आठवीं के प्रश्नपत्र



- बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन मांग कर सकते हैं स्कूल, देरी से मांग भेजने पर लगेगा विलंब शुल्क

स्टाफ रिपोर्टर — धर्मशाला

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि बोर्ड द्वारा ग्रीष्मकालीन विद्यालयों की तीसरी, पांचवीं और आठवीं कक्षाओं की मार्च, अप्रैल, 2026 में होने वाली वार्षिक परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्र उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके लिए प्रदेश के सभी सरकारी एवं मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बोर्ड की वेबसाइट के आनलाइन सर्विसेज विकल्प में उपलब्ध आनलाइन क्वेश्चन पेपर डिमांड फॉर तीसरी, पांचवीं और आठवीं कक्षाओं के प्रश्न लिंक के माध्यम से तीन दिसंबर से 31 दिसंबर तक कक्षा वार मांग ऑनलाइन प्रेषित करें।

## निजी विद्यालय कक्षा तीसरी-पांचवीं के लिए 100 रुपए प्रति विद्यार्थी चुकाएंगे

**सरकारी** विद्यालयों के लिए प्रश्न पत्र नि:शुल्क होंगे, जबकि निजी विद्यालयों को निर्धारित शुल्क कक्षा तीसरी व पांचवीं के लिए 100 रुपए प्रति विद्यार्थी तथा आठवीं कक्षा के लिए 150 रुपए प्रति विद्यार्थी जमा करवाना अनिवार्य है। देर से भेजी गई मांग पर पहली से 10 जनवरी, 2026 तक पचास रुपए प्रति विद्यार्थी तथा 11 से 20 जनवरी, 2026 तक 100 रुपए प्रति विद्यार्थी विलंब शुल्क देय होगा। बोर्ड ने स्पष्ट किया कि निर्धारित तिथि के बाद कोई मांग स्वीकार नहीं की जाएगी और प्रश्न पत्रों की कमी के लिए संबंधित विद्यालय प्रमुख स्वयं उत्तरदायी होंगे। इसके साथ ही डा. शर्मा ने सूचित किया कि बोर्ड द्वारा नौवीं एवं 11वीं कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं हेतु भी प्रश्न पत्र उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। दोनों कक्षाओं के लिए परीक्षा शुल्क 150 रुपए प्रति विद्यार्थी निर्धारित है। विलंब शुल्क पहली से 10 जनवरी, 2026 तक 100 रुपए प्रति विद्यार्थी तथा 11 से 20 जनवरी, 2026 तक 200 रुपए प्रति विद्यार्थी देय होगा। बोर्ड सचिव डा. मेजर विशाल शर्मा ने कहा कि अंतिम तिथि के बाद किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी और प्रश्नपत्रों की अनुपलब्धता की जिम्मेदारी विद्यालय प्रमुख की होगी।

Divya Himachal




धर्मशाला – चिट्टे के खिलाफ आयोजित रैली के दौरान उमड़ी भीड़ का नेतृत्व करते सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू

Himachal Dastak



Anant Gyan


# तीसरी, पांचवीं व आठवीं कक्षा के प्रश्न पत्र उपलब्ध करवाएगा बोर्ड

## सरकारी व निजी स्कूल 31 दिसंबर तक भेजें प्रश्नपत्रों की डिमांड : डॉ. राजेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि बोर्ड द्वारा ग्रीष्मकालीन विद्यालयों की तीसरी, पांचवीं और आठवीं कक्षाओं की मार्च, अप्रैल 2026 में होने वाली वार्षिक परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्र उपलब्ध करवाए जाएंगे।

इसके लिए प्रदेश के सभी सरकारी एवं मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बोर्ड की वेबसाइट के ऑनलाइन सर्विसेज विकल्प में उपलब्ध ऑनलाइन प्रश्न पेपर डिमांड फार 3वीं, 5वीं, 8वीं,



कक्षाओं के प्रश्न लिंक के माध्यम से 3 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक कक्षा-वार मांग ऑनलाइन प्रेषित करें। सरकारी विद्यालयों के लिए प्रश्न पत्र निःशुल्क होंगे, जबकि निजी विद्यालयों को निर्धारित शुल्क कक्षा 3 व 5 के लिए एक सौ रुपए प्रति विद्यार्थी तथा कक्षा 8 के लिए एक सौ पचास रुपए प्रति विद्यार्थी, जमा करवाना अनिवार्य है। देर से भेजी गई मांग पर 1 से 10 जनवरी, 2026 तक पचास रुपए प्रति विद्यार्थी तथा 11 से 20 जनवरी 2026 तक एक सौ रुपए प्रति विद्यार्थी विलंब शुल्क देय होगा।

बोर्ड ने स्पष्ट किया कि निर्धारित तिथि के बाद कोई मांग स्वीकार नहीं की जाएगी और प्रश्न पत्रों की कमी के लिए संबंधित विद्यालय प्रमुख स्वयं उत्तरदायी होंगे। इसके साथ ही डॉ. शर्मा ने सूचित किया कि बोर्ड द्वारा नौवीं एवं ग्यारहवीं कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं के लिए भी प्रश्न पत्र उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। दोनों कक्षाओं के लिए परीक्षा शुल्क एक सौ पचास रुपए प्रति विद्यार्थी निर्धारित है। विलंब शुल्क 1 से 10 जनवरी, 2026 तक एक सौ रुपए प्रति विद्यार्थी तथा 11 से 20 जनवरी 2026 तक दो सौ रुपए प्रति विद्यार्थी देय होगा। बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने कहा कि अंतिम तिथि के बाद किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी और प्रश्न पत्रों की अनुपलब्धता की जिम्मेदारी विद्यालय प्रमुख की होगी।